हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 26 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 33.5 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

11 उमरा माइनर रजवाहा टूटने से खेतों में भरा पानी...




12 निगमायुक्त ने 11 से 20 वार्ड का किया निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### नशा तस्करीः एक काबू 744 ग्राम चरस बरामद

**नारनौंद।** सीआईए स्टाफ नारनौंद ने बीड़ फार्म निवासी नरेश को 744 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया है।



सीआईए स्टाफ नारनौंद में तैनात एएसआई अनिल कुमार ने बताया कि सीआईए टीम ने गश्त पड़ताल दौरान नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़े बीड़ फार्म निवासी नरेश को काबू किया। तलाशी लेने पर कब्जे से 744 ग्राम चरस बरामद हुई। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर भेज दिया गया।

### अवैध देसी शराब की 15 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** सोरखी पुलिस चौकी ने 15 बोतल अवैध देशी शराब के साथ गढ़ी गांव निवासी प्रेम को गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी सोरखी में तैनात मुख्य सिपाही तस्लीम ने बताया कि गश्त पड़ताल दौरान गढ़ी गांव के समीप एक व्यक्ति की शक के आधार पर तलाशी ली गई तो उसके पास देसी शराब की 15 बोतल बरामद हुई। इस पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### हरितालिका तीज पर्व आज जाट धर्मशाला में

**हिसार।** मूल प्रवाह अखिल भारत नेपाली एकता समाज महिला विभाग नगर समिति द्वारा 26 अगस्त को स्थानीय जाट धर्मशाला में दोपहर को हरितालिका तीज पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। महिला नगर विभाग अध्यक्ष दुर्गा शर्मा ने बताया कि 26 अगस्त को नगर समिति द्वारा जाट धर्मशाला में हरितालिका तीज पर्व के उपलक्ष्य में गीत-संगीत और नृत्य के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### 28 को लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक

**हिसार।** जिला लोक सम्पर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक 28 अगस्त को प्रातः 11 बजे होगी। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे। बैठक का आयोजन जिला सभागार, लघु सचिवालय में होगा। बैठक के दौरान तमाम विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### विस की कार्यवाही वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने देखी

**हिसार।** जिला बार एसोसिएशन के 40 अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को हरियाणा विधानसभा पहुंचा और अगस्त सत्र की कार्यवाही का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा, उपप्रधान विकास पुनिया, सचिव समीर भाटिया, सहसचिव सुनील भारद्वाज और कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव सोनी ने किया। विधानसभा भ्रमण की अनुमति नलवा से विधायक रणधीर पनिहार की अनुशंसा पर मिली जो विधानसभा सत्र में सांसद रामचंद्र जांगड़ा के साथ वहीं बार के वकीलों से मिलें। अधिवक्ताओं ने विपक्ष द्वारा जनता से जुड़े मुद्दे उठाते और सत्ता पक्ष को जवाब देते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखा।

## डीसी ने बेसहारा पशुओं को शहर से मुक्त करने की दिशा में दिखाई सख्ती

# सड़कों पर पशुओं को छोड़ने वालों पर जुर्माने के साथ दर्ज कराएं एफआईआर

लघु सचिवालय में उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

*डेयरी संचालकों और पशुपालकों के साथ बैठक प्रशासनिक अधिकारियों ने जिले में बेसहारा पशुओं के विषय को लेकर की समीक्षा बैठक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रशासन द्वारा पशुपालकों से बार-बार अपील करने पर भी सड़कों पर बेसहारा पशुओं की कमी नहीं होते देख अधिकारियों ने अब पूरी तरह से सख्ती का मूड बना लिया है। सोमवार को उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में लघु सचिवालय सभागार में जिले में बेसहारा पशुओं के विषय पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में शहर में बेसहारा पशुओं की स्थिति और उन्हें पकड़ने को लेकर आ रही दिक्कतों पर मंथन किया गया। समीक्षा बैठक में डेयरी संचालक व जनप्रतिनिधियों को भी बुलाया गया। लंबे विचार-विमर्श के बाद डीसी ने सख्त लहजे में कहा कि सड़कों पर पशुओं को छोड़ने वाले पशुपालकों पर जुर्माने के साथ एफआईआर भी करवाई जाए। एफआईआर के बिना बात नहीं बनने वाली। इसके अलावा निगम निगम की पशु पकड़ो टीम की रेकी करने वालों पर भी पूरी सख्ती दिखाई जाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर निगम की तरफ से उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि औसतन शहर से 50 पशु पकड़े जाते है जिन्हें गौ अभ्यारण में छोड़ा जाता है। लगभग 52 एकड़ में स्थित गौ अभ्यारण में 26 एकड़ उनमें गाय, 14 एकड़ में नंदी रखे जाते व 12 एकड़ में उनके लिए चारा बोया जाता है। गौ अभ्यारण में 4 हजार गाय और नंदी रखने की क्षमता है और इसका संचालन गोसेवा फाउंडेशन कर रही है।

### शहर से औसतन रोजाना पकड़ रहे 50 पशु



हिसार। बैठक में निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव।

### प्रशासन की कार्रवाई का करेंगे समर्थन

डेयरी संघ/पशुपालकों की तरफ से प्रधान अलीशेर ने कहा कि पशुओं का दूध दोहने के बाद उन्हें सड़कों पर खुला छोड़ने वालों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई का वे समर्थन करेंगे। प्रधान अलीशेर ने डीसी के सामने डेयरी प्रोजेक्ट के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि अगर सरकार खुली बोली में डेयरी प्लाट देगी तो हमारे बस की बात नहीं। इस पर डीसी ने कहा कि डेयरी संचालक डेयरी प्रोजेक्ट को लेकर अपनी तरफ से सुझाव लिखकर दें, हम उन्हें सरकार के पास भेज देंगे।

### नगर निगम ने 15 बेसहारा पशुओं को पकड़ा

*हिसार। नगर निगम की ओर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को 15 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। इस अभियान में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा को नोडल ऑफिसर, सहायक ऑफिस सुरेन्द्र वर्मा को सहायक नोडल ऑफिसर बनाया गया है। इस दौरान तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा टीम सहित, यूनियन प्रधान सुरेंद्र और पशुपालन विभाग की टीम, स्वास्थ्य विभाग की टीम, पुलिस विभाग की टीम साथ रही। टीम ने नई मिलगेट रोड, मिर्जापुर रोड से 15 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गांव ढंढूर के पास बने नगर निगम के गौ अभ्यारण में भेजा गया।*

### मिशन मोड में करें कार्य

उपायुक्त ने कहा कि पालतू पशुओं को सड़कों पर छोड़ने वाले लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में जाएगी। प्रशासन द्वारा शहर को बेसहारा पशु मुक्त करवाने के लिए मिशन मोड में कार्य किया जाएगा। पहले कोई पालतु पशु सड़क पर पकड़ा जाता है तो पशु पालकों को उसे जुर्माना देकर छुड़वा लिया जाता था परंतु यदि इस बार पशुओं को सड़क पर पाया जाता है तो संबंधित पशुपालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने पशुपालकों से अपील की है कि अपने पशु सड़क पर बांधने की बजाए अपने घरों में बांधना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपनी डेयरी से निकलने वाले गोबर को सीवरेज में न डालें क्योंकि इससे सीवर रूक जाते है।

#### संबंधित विभागों को सघन अभियान चलाने के निर्देश

डीसी बताया कि प्रशासन द्वारा पशुपालकों से बार-बार अपील करने पर भी सडकों पर बेसहारा पशुओं की कमी नहीं हो रही है, जिसके कारण सडकों पर दुर्घटना की समस्या हमेशा बनी रहती है। उन्होंने जिला की सडक़ों को पशु मुक्त करने के लिए संबंधित विभागों को सघन अभियान चलाने के आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि पशुओं को पकडऩे वाली टीमों का पीछा व रैकी करने वालों के विरूद्घ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए उन पर एफआईआर दर्ज की जाएं।

#### यह रहे उपस्थित

इस बैठक में मेयर प्रवीण पोपली, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, नगर निगम आयुक्त नीरज, एएमसी डॉ. प्रदीप हुड्डा, नगर निगम पार्षद सहित बड़ी संख्या में डेयरी संचालक व पशुपालक उपस्थित रहे।

## रोमांचक मुकाबले में मेजबान वीडीजेएस की जीत से शुरुआत



आईपीएससी बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में दमखम दिखाती खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

विद्या देवी जिंदल स्कूल (वीडीजेएस) में सोमवार को आईपीएससी बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर संदीप चहल उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत गार्ड ऑफ ऑनर, स्वागत भाषण और पारंपरिक बैम्बू शूट से हुई। इसके बाद ध्वज फहराया गया और खिलाड़ियों ने शपथ लेकर खेल भावना का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि ने चैम्पियनशिप का औपचारिक उद्घोष किया और खिलाड़ियों को प्रेरणादायी संदेश दिया। इसके बाद उद्घाटन मैच विद्या देवी जिंदल स्कूल और द मान स्कूल, दिल्ली के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में विद्या देवी जिंदल स्कूल ने 30-24 के स्कोर से जीत दर्ज की।

**विद्या देवी जिंदल स्कूल में आईपीएससी बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का आगाज**

#### यह टीमें ले रही हिस्सा

इस चैम्पियनशिप में मेज़बान स्कूल विद्या देवी जिंदल स्कूल, हिसार, डेली कॉलेज इंदौर, एमरल्ड हाइट्स स्कूल, इंदौर, लॉरेन्स स्कूल, ऊंटी, द मान स्कूल दिल्ली, हैदराबाद पब्लिक स्कूल, एमएनएसएस.राय मॉडर्न स्कूल, संस्कार वैली स्कूल सहित कई प्रतिष्ठित विद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं। आगामी दिनों में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

### मुख्य अतिथि ने दी शुभकामनाएं

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर चहल ने सभी टीमों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या नैना ढिल्लों द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। मुख्य अतिथि के साथ उनकी धर्मपत्नी सुचेता चहल, पुत्र माधव चहल व पुत्री कैप्टन मुस्कान ने अपनी उपस्थिति से मंच की शोभा बढ़ाई। ब्रिगेडियर चहल वर्तमान में ब्रिगेडियर स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर, आर्मी मुख्यालय के पद पर कार्यरत हैं और भारतीय सेना के मिशन ओलंपिक का नेतृत्व कर रहे हैं।

## सेक्टर 1-4 की मूलभूत समस्याओं को लेकर मंत्री गंगवा को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सैक्टर 1-4 की ओर से रविवार साएं सेक्टर 4 परिसर में एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। हरियाणा के पूर्व चेयरमैन सतवीर वर्मा सहित अन्य लोगों ने भी इसमें भाग लिया। इस अवसर पर सेक्टर 1-4 की मूलभूत समस्याओं के बारे में एसोसिएशन की ओर से एक मांग पत्र मंत्री को सौंपा कर उनसे इन समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की गई।

### एसोसिएशन को सभी मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया

रणबीर सिंह गंगवा को सौंपे गए ज्ञापन में एसोसिएशन ने कहा कि बूस्टिंग स्टेशन सेक्टर 1-4 में पीने के पानी की काफी समस्या है इसलिए एक अन्य बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण किया जाए। सैक्टर 1-4 के सभी पार्कों का सौंदर्यीकरण करने, सामुदायिक केंद्र की मरम्मत करवाने, बरसाती नाले व सीवरेज लाइन की साफ सफाई व मरम्मत करवाने, नैशनल हाईवे 9 के रायपुर चौक पर बस रुकने की सुविधा दिए जाने की मांग की गई। लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने एसोसिएशन को इन सभी मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष राज कुमार रेड्डू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र गंडाश, उपाध्यक्ष मीणा सैनी, महासचिव राम निवास सोनी, सीनियर सह सचिव राजा राम सांगवान, सह सचिव धर्मेंद्र सहारण, कोषाध्यक्ष भूप सिंह सहित एसोसिएशन के काफी संख्या में सदस्य भी उपस्थित थे।



हिसार। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा को ज्ञापन सौंपते राज कुमार रेड्डू, राम निवास सोनी व मीणा सैनी।

## स्लोगन प्रतियोगिता में प्राचीता रही प्रथम

**गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में उद्यमिता दिवस पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन**

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में उद्यमिता दिवस 2025 के अवसर पर पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी सृजनात्मकता तथा नवोन्मेषी सोच का प्रदर्शन किया। स्लोगन प्रतियोगिता में कंप्यूटर इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की प्राचीता ने पहला, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के पंचम सेमेस्टर के अमन ने दूसरा, एफएए के पंचम सेमेस्टर की काजल ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में टीपी प्रथम वर्ष की शबनम खातून ने पहला, एफटी प्रथम वर्ष की सोनिया ने दूसरा तथा एफटी प्रथम वर्ष की ही नित्या ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनकी रचनात्मकता एवं सहभागिता की सराहना की। इस आयोजन का सफल संचालन भारती ने किया। वहीं, सुशमा, मोनिका, प्रतिभा, स्वीटी, प्रदीप एवं जोगेन्द्र पाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## लाडवा निवासी विनोद हत्या प्रकरण में दो गिरफ्तार, तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

**हिसार।** सदर पुलिस ने लाडवा निवासी विनोद हत्या प्रकरण में दो और आरोपियों को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लाडवा निवासी सचिन उर्फ चीना तथा अलीपुर निवासी सुनील उर्फ मंत्री के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सचिन ने मृतक विनोद पर छुरी से वार किया था जबकि आरोपी सुनील ने गंडासे का प्रयोग किया था। आरोपियों को अदालत में पेश करके तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि वारदात से संबंधित तथ्यों की गहनता से जांच की जा सके। इस प्रकरण में पूर्व में दो आरोपियों लाडवा निवासी साहिल एवं भगाना निवासी जितेंद्र को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस प्रकार अब तक कुल 4 आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ चुके हैं।मामने 14 की रात्रि को शिकायतकर्ता लाडवा निवासी राजबाला ने सदर थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसका पुत्र विनोद (अविवाहित), जो गांव के बस अड्डे पर मोबाइल की दुकान करता था, रात्रि लगभग 12 बजे आंगन में चारपाई पर सोया हुआ था। रात्रि करीब 1:45 बजे शोर सुनकर जब वह बाहर आई तो देखा कि विनोद पर धारदार हथियारों से हमला किया गया था। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। शिकायत के आधार पर सदर थाना में केस दर्ज करके कार्रवाई की गई।

- आरोपी सचिन ने विनोद पर छुरी से वार किया था
- आरोपी सुनील ने गंडासे का प्रयोग किया था

## बरवाला हलके में स्वीकृत परियोजनाओं का कार्य जल्द होगा आरंभ : गंगवा

**बरवाला।** कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि बरवाला हल्के के लिए हरियाणा सरकार द्वारा सडक़, सीवरेज, पेयजल, स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज जैसी कई परियोजनाएं मंजूर की है, जिन पर मानसून सीजन के बाद कार्य आरंभ करवाया जाएगा। बरवाला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक व सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान उन्होंने यह बात कही।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सडक़, सीवरेज, पेयजल, स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज आदि परियोजनाओं के लिए बजट राशि भी मंजूर की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत हुई परियोजनाओं के अलावा कई नई परियोजनाओं का प्रस्ताव भी सरकार को मंजूरी के लिए भिजवाया गया है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक सैनी व पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी करें मजबूतः अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

नारनौंद विधानसभा के नारनौंद मंडल की कार्यकारिणी बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पंच परिवर्तन तथा आगामी पखवाड़े में होने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पार्टी को मजबूत करने के लिए घर घर जाकर पार्टी की नीतियों से अवगत करवाएं।

भाजपा नेता अजय सिंधु ने पीएम मोदी की मन की बात पर आधारित संबोधन दिया और कहा कि संगठन की सच्ची ताक़त बूथ स्तर पर कार्य करने वाले हमारे समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। यही कार्यकर्ता हमारे आंदोलन के वास्तविक योद्धा हैं, जो जनता के बीच पार्टी की नीतियों और संकल्पों को जीवंत करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विकसित भारत विकसित हरियाणा के संकल्प को साकार करना ही हमारा लक्ष्य है। यह तभी संभव है जब हमारे कार्यकर्ता मजबूती से संगठन के साथ खड़े होकर जनसेवा को अपना ध्येय बनाएं। जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा ने सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नारनौंद मंडल अध्यक्ष कर्णपाल दुहन ने की।

### कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत : अजय सिंधु



नारनौंद : बैठक में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, वरिष्ठ नेता अजय सिंधु एवं अन्य।

**यह रहे मौजूदः** इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, महिला जिला अध्यक्ष नीलम जांगड़ा, पार्षद सुनील बैरागी जयवीर माजरा, मनजीत जांगड़ा, जिला सचिव सरला नाड़ा, श्री शर्मा मंडल कोषाध्यक्ष, नरेश वर्मा, जिला अध्यक्ष एसी मोर्चा सुरेश एमसी, कुलदीप गौतम, चांदी मान इत्यादि विशेष तौर पर मौजूद थे।

## गुरु जम्भेश्वर विवि में तीन दिवसीय ई शिखर सम्मेलन 2025 शुरू

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं के नए आइडियाज को प्रोत्साहित करना होगा : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम ने कहा है कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है तो युवाओं के नए आइडियाज को प्रोत्साहित करना होगा। गुजविप्रौवि अपने विद्यार्थियों को उनके आइडियाज विकसित करने के लिए भरपूर सहायता प्रदान कर रहा है। ई शिखर सम्मेलन-2025 विद्यार्थियों को स्टार्टअप के लिए मंच देने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।





हिसार। ई शिखर सम्मेलन में आइडियाज प्रदर्शित करने वाले विद्यार्थियों से बात करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा समेत छह राज्यों के विद्यार्थी ले रहे हिस्सा

प्रो. नरसी राम बिश्नोई सोमवार को विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेंटर (पीडीयूआईआईसी) के सौजन्य से शुरू हुए तीन दिवसीय ई-शिखर सम्मेलन 2025 के उद्घाटन समारोह में विचार व्यक्त कर रहे थे। अध्यक्षता पीडीयूआईआईसी के निदेशक प्रो. विशाल गुलाटी ने की। इस सम्मेलन में देशभर से प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों की टीमें भाग ले रही हैं। कुलपति प्रो. नरसीराम ने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं बल्कि एक मंच है, जो विचारों, रचनात्मकता और प्रदर्शन के उत्सव के द्वार खोलता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नए रचनात्मक एवं राष्ट्रहित के आइडियाज लेकर आएं। गुजवि उन आइडियाज को विकसित करने में मदद करेगा। इसके लिए पैसों और संसाधनों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। प्रो. विशाल गुलाटी ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेश के अतिरिक्त तमिलनाडु, महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तराखंड व राजस्थान के शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। पहले दिन प्रदर्शित आइडिया प्रदर्शनी में कृषि, स्टॉक मार्केट, मानसिक स्वास्थ्य, प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल, स्मार्ट हॉस्टल, स्वास्थ्य आदि के अतिरिक्त हस्तशिल्प कला से संबंधित आइडियाज भी प्रदर्शित किए गए। मंगलवार को स्टार्टअप स्पॉट लाइट, स्टार्टअप ऑक्शन, इन्फ्लूएंसर लैब एवं दो विषय विशेषज्ञों के सत्र होंगे। बुधवार को पुरस्कार वितरण होगा। उद्घाटन सत्र में डीन एफईटी प्रो. संदीप आर्य, पीडीयूआईआईसी उपनिदेशक प्रो. मुनीश गुप्ता, डॉ. प्रताप मलिक, प्रो. ओपी सांगवान, प्रो. सुरेश मित्तल, प्रो. मनीश्रेष्ठ, प्रो. विमल झा, डा. सुमित सरोहा तथा डा. आदित्य वीर सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

## गुजवि के एचएसबी में एमएसएमई के लिए हुआ ईडीपी का आयोजन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस ने 'समस्या से प्रगति एमएसएमई के लिए रणनीतिक समस्या समाधान और निर्णय लेने पर विचार-विमर्श' विषय पर एक कार्यकारी विकास कार्यक्रम (ईडीपी) का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में इस्पात, कृषि व्यवसाय, हस्तशिल्प, खुदरा, निर्माण, स्वास्थ्य सेवा और पर्यटन जैसे एमएसएमई क्षेत्र के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की संकल्पना, डिजाइन और क्रियान्वयन हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के डॉ. मणिश्रेष्ठ तथा रिपोजिटरी टेक्नॉलाजीज प्राइवेट लि. के संस्थापक एवं सीईओ नितिन गोयल द्वारा किया गया। इन्होंने बताया कि कैसे व्यवसाय के मालिक अपनी रणनीतिक समस्याओं को व्यवस्थित रूप से समझ सकते हैं और उन्हें उचित रूप से परिभाषित कर सकते हैं।

रोहतक, मंगलवार
26 अगस्त 2025
हरिभूमि

# सहेली



आमतौर पर महिलाएं चाहे वर्किंग हों या होममेकर, खुद के लिए समय नहीं निकाल पातीं। पति, बच्चे, सास-ससुर की देखभाल, उनकी डिमांड पूरी करने और घर-बाहर की जिम्मेदारियों को निभाते हुए उन्हें अपने लिए कुछ करने की जरूरत ही महसूस नहीं होती है। जबकि सच्चाई यह है कि मी टाइम खुद को खुश रखने का जरिया होता है और दूसरों को खुश रखने के साथ खुद को खुश रखना भी जरूरी होता है।

## बिजी रुटीन में भी जरूर निकालें मी टाइम

लाइफस्टाइल

चेतना झा

आयुषी अपनी सहेली नीलम से फोन पर बात कर रही थी। उसे लगा कि नीलम कुछ सुस्त है। उसने पूछा, 'नीलम तू बीमार है क्या?' इस पर नीलम बोली, 'नहीं यार, सुबह से शाम तक इतना काम रहता है कि शाम तक लो फील होने लगता है।' आयुषी ने सलाह दी, 'तू कुछ देर सुबह या शाम 'मी टाइम' में एक्सरसाइज या मेडिटेशन किया कर या अपनी हॉबी पूरी किया कर, इससे फ्रेश-एनर्जेटिक फील करेगी।' इस पर नीलम ने मायूसी से कहा, 'सुबह सांस लेने की तो फुर्सत नहीं मिलती। राजू का ब्रेकफास्ट बनाना, अपना और इनका (पति) लंच रेडी करना। जल्दी-जल्दी काम निपटाना फिर ऑफिस के लिए भागना। शाम को फिर राजू को होमवर्क कराना, पेंडिंग काम करना, डिनर बनाना कैसे मिलेगा मी टाइम?' ये बातें आपको भी अपनी सी ही लग रही होंगी। जॉब, घर के काम, बच्चे की पढ़ाई, घर-बाहर की जिम्मेदारियां, सुबह आंख खुलने से रात बेड पर सोने तक इन्हीं सब में तो उलझी रह जाती हैं आप। डेड लाइन, टार्गेट, अचीवमेंट, घर की व्यवस्था, बच्चों की परीक्षाएं, उनका करियर, परिजनों की हेल्थ, इन सबके बीच कहीं आपका अपना कुछ छूट तो नहीं रहा। कभी एकांत के पलों में पूछिए खुद से कि पूरे दिन, सप्ताह या महीने में कितना पल होता है आपका 'मी टाइम?' कब आप बिताती हैं फुर्सत के पल केवल अपने लिए? कितनी बार आप कर पाती हैं अपनी पसंद का काम, जिससे मिलती है आपको खुशी, संतुष्टि?



**क्या है मी टाइम:** वास्तव में मी टाइम हमारा रिचार्जर है। हमारी बैट्री को रिचार्ज करता है। एक खुली हवादार खिड़की की तरह होता है मी टाइम, जो भीतर की थकान और डलनेस को बाहर निकाल हमें ताजगी से भर देता है। जिम्मेदारियों में उलझे हमारे वजूद पर से धूल झाड़ हमारी ही मुलाकात हमसे कराता है।

**फायदे हैं कई:** मनोवैज्ञानिक भी मी टाइम को मानसिक स्वास्थ्य और रिश्तों के लिए काफी लाभदायक मानते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे हम खुद को लेकर किसी उधेड़बुन से मुक्त रहते हैं। यह हमारे दिमाग को तरोताजा करता है। मनोवैज्ञानिक सुप्रिया गोयल कहती हैं, 'इससे एकाग्रता बढ़ती है। हम अधिक तार्किक बनते हैं। घर-बाहर बेहतर तरीके से समायोजित हो पाते हैं। खुश रहते हैं और हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्जा का भरपूर प्रवाह होता है।'



**क्या कहती है रिसर्च:** अमेरिका स्थित मिशिगन यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च रिपोर्ट को माने तो विवाहित जीवन की असफलता में मी टाइम या प्राइवेसी में कमी की भूमिका सेक्स संबंध से भी बड़ी होती है। इसी शोध के मुताबिक 29 प्रतिशत कपल्स ने शिकायत दर्ज की कि उनके जीवन साथी की ओर से उन्हें पर्याप्त मी टाइम या प्राइवेसी नहीं दी जाती। यूनिवर्सिटी शोध में तो यह भी जाहिर हुआ कि मी टाइम निकालने में पुरुषों की हिस्सेदारी अधिक है।

**ऐसे निकलेगा वक्त:** मी टाइम निकालने के लिए प्रयास तो आपको ही करने होंगे। क्यों न नियत समय से आधे घंटे पहले सुबह उठ जाएं और काम से पहले मी टाइम जीकर, रिचार्ज हो जाएं! मोबाइल, टीवी जैसे गैजेट्स से दूरी बनाना भी मी टाइम के लिए जरूरी है। मी टाइम के लिए किसी तरह की हिचक या अपराध भाव नहीं पालें। जरूरत पड़े तो घर में सबको बता भी दें कि आप अपने लिए जरूरी काम कर रही हैं, इसलिए इस दौरान कोई आपको डिस्टर्ब न करे।

इस तरह जब आप सीरियसली मी टाइम निकालेंगी तो आपको न केवल खुशी, संतुष्टि मिलेगी बल्कि आप अपने सभी काम बेहतर ढंग से अंजाम भी दे पाएंगी।

### मी टाइम में करें कुछ ऐसा

**कुछ महिलाएं** पूछती हैं, मी टाइम में हम करें तो क्या करें? इस सवाल का जवाब तो आपका दिल ही बेहतर बता सकता है। ईमानदारी से दिल की सुनें तो आपको जवाब मिलेगा कि इस दौरान आप क्या कर सकती हैं? मी टाइम पर अपनी किताब 'टाइम फॉर मी:365 डेली स्ट्रेटेजीस फॉर अ मदर्स सेल्फ केयर' की राइटर मिया रेडरिक ने कई सुझाव दिए हैं। रेडरिक के मुताबिक, 'जब आप अपने बच्चों के लिए हेल्दी नाश्ता तैयार करती हैं, तब खुद के लिए भी कुछ हेल्दी स्नैक्स तैयार करना या पैक करना आपका मी टाइम है। बेटी को क्लासिकल डांस सीखाने ले जा रही हैं तो क्लास खत्म होने के इंतजार की बजाय खुद भी अपने फेवरेट डांस के स्टेप सीख लें, तो यह आपका खुद का पल होगा। फेवरेट नॉवेल पढ़ना, पसंदीदा गाना सुनना, मैग्जीन पलटना, टीवी देखना, वर्कआउट करना या सहेलियों से बातचीत करना भी इसमें शामिल हो सकता है। पार्लर जाना, डायरी लिखना या कहीं घूमने जाना... यह तो आपको ही तय करना होगा कि आप अपने मी टाइम में क्या करना चाहेंगी?'



## बच्चों को ऐसे सिखाएं गुड मैनर्स

बच्चों से हम बहुत उम्मीद करते हैं कि उनके भीतर गुड मैनर्स हों, लेकिन इसके लिए हम बच्चों के सामने कैसे आदर्श रखते हैं, उनको किस तरह से ट्रीट करते हैं? साथ ही हमारा व्यवहार उनके प्रति कैसा होता है, ये बातें बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए बहुत मायने रखती हैं।

बच्चे और आप

अंजू जैन



हर पैरेंट की चाहत होती है, उसका बच्चा एक शिष्ट, जिम्मेदार, समझदार और कामयाब इंसान बने। इसके लिए बच्चों को अच्छी आदतें सिखाना जितना आसान है, उतना ही कठिन भी है। अगर आप सही तरीका अपनाएं तो बच्चों को आसानी से अच्छे मैनर्स सिखा सकती हैं, उनका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा-

**बच्चों से गर्मजोशी से मिलें:** जब भी आपका बच्चा स्कूल से लौटे या स्कूल जा रहा हो या फिर आप बाहर से घर आई हों तो उससे गर्मजोशी के साथ मिलें। अपने चेहरे पर मुस्कान लिए उसे हग करें, उसका मूड जानें, उसके मन की सुनें। दिन की शुरुआत और अंत उसे पुचकार कर करें। इससे बच्चे से आपकी बॉन्डिंग बढ़ेगी, उसे लगेगा कि वह आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। उसके मन में आपके लिए प्यार उमड़ेगा।



**लोगों के प्रति सहानुभूति रखें:** माता-पिता बच्चों को जो बातें कह कर नहीं समझा सकते या सिखा सकते, वे बातें उनके रोल मॉडल बनकर सिखा सकते हैं। बच्चों में सहानुभूति, दया, विनम्रता का भाव जगाना हो तो उन्हें पहले नरमदिल और मददगार स्वभाव का बनाना होगा। इसके लिए आप उनके सामने अपने पड़ोसियों, रिश्तेदारों, घर में आने वाले सेल्समैन या फिर रिक्शा चालकों और कैब ड्राइवर के साथ नरमी से पेश आएं। जरूरतमंद की मदद करें, यह देखकर बच्चे में दूसरे की मदद करने की प्रेरणा जागेगी। अभद्र भाषा में चीख कर या रौब झाड़ने वाले अंदाज में बातें बच्चों के सामने तो बिल्कुल ना करें। यह देखकर बच्चे भी इसी तरह पेश आते हैं, जो असभ्य तरीका है।

**घर के बुजुर्गों के साथ जोड़ें:** अगर घर में आपके साथ सास-ससुर यानी बच्चों के दादा-दादी या नाना-नानी भी रहते हैं या वे आए हुए हैं, तो बच्चों को उनके साथ खेलने, रहने, टाइम बिताने और बातें करने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ ग्रैंडपैरेंट्स को बल्कि बच्चों को भी अच्छा लगेगा। इतना ही नहीं, बच्चों में परिजनों से जुड़ने की भावना भी आएगी, वे अपने दादा-दादी और नाना-नानी से काफी कुछ सीखेंगे।

**कहानी-कविता पढ़ कर सुनाएं:** बच्चों को कहानी और कविताओं से काफी एंटरटेन किया जा सकता है। आप रोज बीस-पच्चीस मिनट के लिए उनके साथ बैठें, उन्हें कोई कहानी या कविता पढ़कर सुनाएं। फिर उसके बारे में कुछ सवाल पूछें। इससे बच्चों की पढ़ने में रुचि जागेगी, जनरल नॉलेज बढ़ेगी और साथ ही आप दोनों एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम भी स्पेंड कर सकेंगे।

**रुटीन फॉलो करना सिखाएं:** अनुशासन और समय प्रबंधन किसी भी व्यक्ति की जिंदगी में सफलता और सुकून के लिए बहुत जरूरी हैं। शुरू से ही बच्चों को रूटीन फॉलो करना सिखाएं। आप उनके लिए एक दिन पहले ही अगले दिन का रुटीन सेट कर दें। उन्हें बताएं कि किस वक्त उन्हें क्या करना है। साथ ही आप भी अपने रूटीन फॉलो करें और उन्हें बताएं कि आप कैसे नियत समय पर हर काम कर रही हैं।

हेयर केयर

ललिता गोयल

आजकल काफी महिलाएं बालों में कलर करवाना पसंद करती हैं। लेकिन कलर्ड बालों की केयर कैसे करनी चाहिए, इस बारे में कम ही लोग जानते हैं। इससे बालों में रफनेस बढ़ती है। कलरिंग के बाद कैसे करें हेयर केयर, जानिए।

## कलरिंग के बाद हेयर केयर बाल दिखेंगे हेल्दी-शाइनी

हेयर कलरिंग का ट्रेंड सालों से चल रहा है। अब तो हर उम्र की महिलाएं, लड़कियां बालों को अलग लुक देने के लिए हेयर कलरिंग करा रही हैं। लेकिन बालों को कलर कराने के बाद कुछ जरूरी बातों का ख्याल भी रखना जरूरी है, नहीं तो बाल डैमेज हो सकते हैं। जानते हैं हेयर केयर के बारे में, जिससे बाल खराब नहीं होंगे और आपके बालों की नेचुरल शाइन भी बनी रहेगी।


**सही कलर चुनें:** ध्यान रखें, कलरिंग के लिए हेयर कलर अच्छी क्वालिटी का हो। कलर मॉयश्चराइजर बेस्ड हो, जिससे बालों को डैमेज होने से बचाया जा सके।



**कलरिंग का तरीका:** केमिकल बेस्ड हेयर कलर बालों को अलग-अलग तरीके से नुकसान पहुंचा सकते हैं। ये जड़ों को भी डैमेज कर सकते हैं, जिससे हेयर फॉल की समस्या शुरू हो सकती है। इससे बचने के लिए ध्यान रखें कि आप जड़ों के बजाय हेयर स्ट्रेंड्स को कलर करें।

**ऑयलिंग का तरीका बदलें:** कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि कलर करने के बाद बालों पर तेल नहीं लगाना चाहिए। जबकि यह सोचना गलत है, तेल आपके बालों को पोषण देने के साथ-साथ कंडीशनिंग भी करता है, इसलिए ऑयलिंग जरूर करें। लेकिन इसका तरीका बदल दें। इसके लिए कलरिंग के बाद तेल रात-भर लगाए रखने के बजाय दो या तीन घंटे के लिए लगाकर रखें। इसके बाद हेयर वॉश कर लें।

**सूरज की किरणों से बचाएं:** सूरज की हानिकारक किरणें बालों को डैमेज करने का कारण बन सकती हैं। अगर आपने हेयर कलर कराया है, तो धूप में जाने से पहले बालों में सनस्क्रीन स्प्रे करना न भूलें।



**हीटिंग टूल्स इस्तेमाल न करें:** बालों को कलर करने के तुरंत बाद हीटिंग टूल्स जैसे ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे बाल ड्राई होते हैं, बालों से मॉयश्चर कम होता है और बालों का रंग बिल्कुल गायब हो जाता है। अगर ब्लो ड्राई करना जरूरी हो तो कम से कम 5 सेमी. की दूरी से ब्लो ड्राई करें। साथ ही हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करते समय बालों पर हीट प्रोटेक्टर सीरम जरूर अप्लाई करें।

**इन बातों का भी रखें ध्यान:** हेयर कलरिंग के बाद कुछ और बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

- बालों को धोने के लिए कलर प्रोटेक्टेंट सल्फर फ्री शैंपू अप्लाई करिए। कलर प्रोटेक्टेंट शैंपू से बालों में कलर लॉक हो जाता है।
- शैंपू के बाद आप बालों की हफ्ते में दो बार डीप कंडीशनिंग जरूर करें। इससे बालों में मॉयश्चर लॉक हो जाता है और बालों को गहराई से पोषण मिलता है। इससे बालों में कलर मेंटेन रहता है।
- हेयर कलर के बाद कम से कम तीन दिन तक बालों को नहीं धोएं, वरना आपका हेयर कलर फीका पड़ सकता है।
- हेयर कलर को सबसे अधिक नुकसान गर्म पानी पहुंचाता है। इसलिए हमेशा बालों को नॉर्मल पानी और सर्दियों में गुनगुने पानी से धोएं।

**(हेयर एक्सपर्ट सुमन सचदेव से बातचीत पर आधारित)**

कल गणेश चतुर्थी है। कल से ही आरंभ होगा गणेशोत्सव। वैसे तो आपके घर के आस-पास सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक रूप से गणेश पूजन का आयोजन किया ही जाएगा। लेकिन अगर आप अपने घर में गणपति को प्रतिष्ठित कर पूजन करना चाहती हैं तो यहां हम आपको इसकी विधि बता रहे हैं।

## रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्री गणेशाय नमः

पूजन-विधि

आचार्य डॉ. गोविंद बल्लभ जोशी



सनातन धर्म में हर तरह की पूजा-उपासना का प्रारंभ गणपति पूजन से होता है। इसीलिए गणेश जी को प्रथम पूज्य कहा गया है। गणपति, देवताओं के अध्यक्ष हैं। इसीलिए इन्हें 'गणाध्यक्ष' भी कहा जाता है। प्रत्येक वर्ष भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से शुक्ल चतुर्दशी पर्यंत, द्वादश दिवसीय पूजा-अर्चना को वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

**ऐसे आरंभ हुआ देशव्यापी आयोजन:** गणेश चतुर्थी पर घर-घर में किए जाने वाला पूजन, वार्षिक गणेश उत्सव कैसे बना, इसके पीछे भी ऐतिहासिक घटना और ध्येय निहित रहा है। दरअसल, ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेजों की दासता से भारत माता को स्वतंत्र करने का संकल्प लेते हुए लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने गणाधिपति के पूजन को राष्ट्रोत्सव के रूप में प्रारंभ कर भारतीय जन समुदाय में राष्ट्रीय भावना और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया था। आज यह उत्सव भारत ही नहीं विश्व के अनेक देशों में मनाया जाता है।

**ऐसे करें गणपति स्थापना-पूजन:** सार्वजनिक पार्कों और मंडपों में विधिवत गणेश पूजन, विविध उत्सव समितियों द्वारा तो आयोजित किया ही जाता है। लेकिन अनेक श्रद्धालु अपने घर में भी गणपति को स्थापित कर यह उत्सव मनाते हैं। ऐसे में किस विधि से उनका पूजन करें, आप जरूर जानना चाहेंगी। वस्तुतः गणेश जी की पूजन विधि सर्वत्र एक समान ही होती है। इसके लिए सर्वप्रथम श्रद्धापूर्वक अपने पूजा स्थान पर गणपति की चौकी तैयार कर उसे लाल वस्त्र से आच्छादित कर लें। अब उस पर कलश स्थापित कर श्रीगणेश विग्रह (प्रतिमा) को प्रतिष्ठित करें। हाथ में रोली, चंदन, अक्षत, लाल पुष्प और दूर्वा लेकर उनका आह्वान एवं ध्यान करें। 'रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्रीगणेशाय नमः' का जाप करते हुए गणेशजी को अर्पित करें। इसके बाद आचमनी पात्र (चम्मच) में जल लेकर पाद्यं, अर्घ्य, आचमनीयं, स्नानीयम का उच्चारण करते हुए गणेश जी की प्रतिमा पर अर्पित करें। तत्पश्चात गणपति विग्रह को पंचामृत से स्नान कराएं। फिर एक आचमनी जल चढ़ाएं। उसके बाद उनको वस्त्र पहनाएं। एक यज्ञोपवीत (जनेऊ) अर्पित करें। फिर गणपतिजी को तिलक करें, अक्षत चढ़ाएं और दूर्वा के बारह तिनके चढ़ाएं। इसके पश्चात धूप, दीप प्रज्ज्वलित करें। इसके बाद गणपति को नैवेद्य (प्रसाद) भोग लगाएं। गणेश जी का सबसे प्रिय भोग मोदक है, अतः दस मोदक (लड्डू) उन्हें अर्पित करें। इसके बाद पान, सुपारी, लौंग, इलायची, फल, दक्षिणा चढ़ाएं। इसके पश्चात हाथ में पुष्प, अक्षत, रोली, दूर्वा लेकर उनके द्वादश नामों का उच्चारण करें।

इस प्रकार स्तुति करते हुए गंधाक्षत, पुष्प और दूर्वा गणपति को अर्पित कर दें। फिर 'ऊँ गं गणपतये नमः' मंत्र का द्वादश (12) बार जप करें। फिर आरती, पुष्पांजलि के बाद भजन, कीर्तन से उत्सव मनाते रहें। इस प्रकार की गई गणपति की पूजा अत्यंत फलदायी होती है।

### गणपति के द्वादश नाम-मंत्र

- ॐ सुमुखाय नमः, ॐ एकदंताय नमः
- ॐ कपिलाय नमः, ॐ गजकर्णकाय नमः
- ॐ लंबोदराय नमः, ॐ विकटाय नमः
- ॐ विघ्ननाशकाय नमः, ॐ विनायकाय नमः
- ॐ धूम्रकेतवे नमः, ॐ गणाध्यक्षाय नमः
- ॐ भालचंद्राय नमः, ॐ गजाननाय नमः



रेसिपी

श्रुति आयंगर

## गणपति को अर्पित करें तरह-तरह के मोदक

### अमृत मोदक



**सामग्री**

चावल का आटा-1 कप, उबली चना दाल-1/2 कप, कसा हुआ गुड़-1/4 कप, इलायची पावडर-1/2 छोटा चम्मच, केसर रेशे-1/2 छोटा चम्मच, पिसी हल्दी-चुटकी भर, कटे हुए मेवे-2 छोटे चम्मच, घी-1 बड़ा चम्मच, पानी-4 कप

**विधि**

सबसे पहले चना दाल को मैश कर लें। इसमें गुड़ मिलाकर पैन में कुछ देर पकाएं। फिर केसर, इलायची पावडर और मेवे मिलाकर 2-3 मिनट पकाकर ठंडा होने दें। एक पैन में पानी और घी डाल कर उबालें। इसमें चावल का आटा मिलाकर गाढ़ा होने तक पकाएं। थोड़ा ठंडा होने पर अच्छी तरह गूंथें। थोड़ा मिश्रण हथेली पर फैलाकर चना दाल की भरावन भरें और मोदक का आकार दें। सांचे की मदद से भी मोदक बना सकती हैं। इन मोदकों को 10-12 मिनट भाप में पकाने के बाद भोग लगाएं।



### नारियल-गुलाब मोदक

**सामग्री**

कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, मिल्क पावडर-240 ग्राम, घी-1/2 बड़ा चम्मच, रोज सिरप-1 बड़ा चम्मच, रेड फूड कलर-2-4 बूंद

**भरावन के लिए:** गुलकंद-1 बड़ा चम्मच, कसा सूखा नारियल-1 बड़ा चम्मच

**विधि**

सबसे पहले नॉन-स्टिक पैन में मिल्क पावडर, कंडेंस्ड मिल्क, घी और रोज सिरप डाल कर अच्छी तरह से मिलाएं। इसे धीमी से मध्यम आंच पर चलाते हुए पकाएं। मिश्रण गाढ़ा होने तक चलाती रहें। इसके बाद फूड कलर डालकर मिला लें। इसे बाउल में निकाल लें। एक अलग बाउल में भरावन की सारी सामग्री मिलाकर स्टफिंग बना लें। मिल्क पावडर वाले मिश्रण में से थोड़ा सा मिश्रण लेकर हथेली पर फैला लें, इसमें स्टफिंग भर कर मोदक का शेप दें। पांच मिनट के लिए फ्रिज में रखें।

## खबर संक्षेप

### मिनी टैनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**हिसार।** विकास डिफेन्स एंड स्पोर्ट्स अकेडमी स्कूल में आयोजित 12वीं जूनियर तथा दूसरी मिनी टैनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया गया। आयोजक सचिव राकेश कौशिक ने बताया कि जूनियर वर्ग के लड़कों में करनाल पहले, भिवानी दूसरे व जीन्द व यमुनानगर तीसरे स्थान पर रहे। लड़कियों के वर्ग में फरीदाबाद प्रथम जीन्द दूसरे व हिसार तीसरे स्थान पर रहा। अंडर 14 मिनी स्पर्धा के लड़कों में फरीदाबाद प्रथम रेवाड़ी दूसरे,हिसार व फतेहाबाद की टीमें तीसरे स्थान पर रहीं लड़कियों में पहला स्थान फरीदाबाद दूसरा हिसार और तीसरे फतेहाबाद की टीम ने प्राप्त किया।

### आवाज उठाने पर दर्ज किए जा रहे मुकदमे

**नारनौंद।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कोथ ने कहा कि आज के हालात ऐसे हो गए हैं कि इस देश में न्याय की मांग करना भी गुनाह बन गया है। हमने मनीषा हत्याकांड में न्याय की आवाज उठाई, लेकिन बदले में प्रशासन ने हमें ही नोटिस थमा दिया। सोमवार को संगठन की बैठक में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे भाषण में कहीं भी कोई आपत्तिजनक शब्द नहीं था, इसके बावजूद नोटिस में हमें दुकानदारों को डराने, पुलिस की कार्रवाई में दखल देने और मोहल्ले में भय फैलाने के आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों और मजदूरों की आवाज दबाने में लगी हुई है।

### ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्त हुई पुलिस

**हांसी।** हरियाणा पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (हाईवे) से प्राप्त दिशानिर्देशों के तहत हांसी पुलिस ने स्पेशल अभियान के दौरान सख्ती दिखाते हुए अलग-अलग स्थानों पर ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत 55 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया है कि वाहन चलाते समय चालक किसी भी प्रकार के नशे का सेवन न करें, नशा करके वाहन चलाना ना केवल आपके जीवन बल्कि दूसरों की जान के लिए भी खतरा है।

### श्री रामदूतम सेवा समिति का हवन यज्ञ कल

**हिसार।** श्री रामदूतम सेवा समिति द्वारा ऑटो मार्किट में स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर में 27 अगस्त को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक संकट मोचन हवन यज्ञ होगा। समिति के प्रधान कुलप्रकाश बंटी गोयल ने बताया कि नवम श्री शरद पूर्णिमा महोत्सव एवं सालासर पैदल यात्रियों के नियमित श्रीबाला जी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करके विधिवत रूप से 41 दिन के लिए अखण्ड ज्योत प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया।

### एनसीसी कैडेट की चयन प्रक्रिया का आयोजन

**हिसार।** दयानंद कॉलेज में र्मी विंग गर्ल्स कैडेट की चयन प्रक्रिया का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों की शारीरिक मापदंड, लिखित परीक्षा व मेडिकल जांच हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने भाग लेने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। सुबेदार निरपाल सिंह ने आर्मी के कैरियर विषय पर व्याख्यान दिया। चयन प्रक्रिया में महाविद्यालय से 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया का आयोजन सुबेदार निरपाल सिंह व हवलदार नायक रविशंकर कुमार तथा सीटीओ डॉ. मंजू शर्मा की उपस्थिति में हुआ।

### राधा नाम के बिना जीवन अधूरा : तरुण लखन

**हिसार।** गुर्जर अहीर धर्मशाला में चल रही श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन परम श्रद्धेय तरुण लखन गुरुजी ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि राधा नाम के बिना जीवन अधूरा है, राधा नाम ही जीवन का आधार है। कथा का आयोजन गुर्जर अहीर धर्मशाला भागवत समिति एवं क्षेत्रवासियों के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। गुरुजी ने कहा कि यह मनुष्य जीवन बार-बार नहीं मिलता। प्रभु को पाने का यही एक अवसर है। मनुष्य और अन्य प्राणियों में यही अंतर है कि मनुष्य भगवान की भक्ति कर सकता है। प्रभु की प्राप्ति के लिए सत्कर्म करना चाहिए।

# उमरा माइनर रजवाहा टूटने से खेतों में भरा पानी, सैकड़ों एकड़ फसलें डूबी

## ट्यूबवेल इंजन, सोलर पंप और अन्य कृषि उपकरण भी पानी में डूबे

जेसीबी की मदद व मिट्टी के भरे हुए कट्टे रख कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रजवाहे के पानी के बाहव को बंद करवाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। रजवाहा टूटने के बाद खेतों में बह रहा पानी व रजवाहा टूटने के बाद मौके पर एकत्रित किसान।

पुट्टी से उमरा रोड पर स्थित उमरा माइनर (रजवाहा) में सोमवार सुबह पानी के ओवरफ्लो के चलते टूट गया, रजवाहा के टूटने से आसपास के खेतों में खड़ी सैकड़ों एकड़ फसल में पानी भर गया जिससे किसानों की धान कपास, बाजरा सहित कई फसलें जलमग्न हो गईं।

रजवाहे के टूटने से किसानों के खेतों के साथ-साथ उनके ट्यूबवेल इंजन, सोलर पंप और अन्य कृषि उपकरण भी पानी में डूब गए। रजवाहे के टूटने की सूचना मिलने पर काफी संख्या में किसान मौके पर एकत्रित हो गए और उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के जेई व अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पेटवाड़ डिस्ट्रीब्यूटरी से रजवाहे के पानी को बंद करवाकर जेसीबी की मदद व मिट्टी के भरे हुए कट्टे रख कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रजवाहे के पानी के बाहव को बंद करवाया। मौके पर मौजूद किसान लीलूराम ने बताया कि यह रजवाहा सुबह करीब 7 बजे रजवाहे में पानी ओवरफ्लो होने की वजह टूट गया था।

उन्होंने बताया कि रजवाहे के टूटने के बाद जेई और बेलदार को फोन किया गया, लेकिन बेलदार ने परीक्षा देने के लिए बाहर जाने के चलते छुट्टी पर होने की बात कही। जिसके बाद दूसरे अधिकारियों को फोन किए गए तो काफी देर के बाद सिंचाई विभाग के जेई और अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस दौरान किसानों ने अपने स्तर पर मिट्टी डालकर रजवाहे को बंद करने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं सके।

### मुआवजे की मांग

किसान ओमप्रकाश मलिक ने बताया कि टूटे रजवाहे से उनकी ढाणी और आस-पास के खेतों में पानी तेजी से फैल रहा है और पानी खेतों में बनी ढाणियों के घरों में घुसने की स्थिति बन गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से रजवाहे के टूटने से हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है।


हिसार। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते उपायुक्त अनीश यादव।

## पंचायती जमीन व रास्तों पर कब्जा डीडीपीओ को कार्रवाई के निर्देश

■ डीसी ने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने आमजन की विभिन्न शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

समाधान शिविर में गांव आर्य नगर निवासी भतेरी की बीआर अंबेडकर मकान नवीनीकरण योजना के तहत राशि प्रदान करने की मांग व गांव स्याहड़वा में पंचायती जमीन व रास्तों पर से कब्जा हटवाने बारे संबंधी शिकायत समाधान शिविर में प्राप्त हुई जिस पर उपायुक्त ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं एक शिकायत पर आजाद नगर में गली से रैम्प हटवाने बारे उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से सेक्टर 13 में स्ट्रीट लाइट के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, सीईओ जिला परिषद हरबीर सिंह, नगराधीश हरिराम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक मार्गों पर स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करवाएं अधिकारी : रणधीर

**हिसार।** नलवा के विधायक रणधीर पनिहार ने अधिकारियों को हिदायत दी है कि वे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक मार्गों का सर्वेक्षण करें और ऐसे सभी मार्गों पर स्ट्रीट लाइट लगवाएं जहां अंधेरा रहता हो। कैमरी रोड पर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने के कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने यह निर्देश दिए। विधायक पनिहार ने कहा कि कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट काम नहीं कर रही है, इसलिए सभी स्थानों पर इन लाइटों को भी जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की मूलभूत सुविधाओं को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारी सचेत रहे। इस दिशा में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जन कार्यों के लिए सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है। इसलिए अधिकारी ऐसे कार्यों के एस्टीमेट जल्द से जल्द तैयार करें जहां व्यापक जनहित जुड़ा हो। इस अवसर पर पार्षद राजेश अरोड़ा, अजीत सिंह व योगराज शर्मा सहित अन्य गणमान्य व नागरिक उपस्थित थे।

# जल निकासी मुद्दे पर प्रशासन पूरी तरह फेल : दुष्यंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


पूर्व विधायक इन्द्र सिंह नैन के आवास पर परिजनों से मिलते पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन को बरसाती जल निकासी के मुद्दे पर पूरी तरह फेल बताया है। उन्होंने कहा कि खेतों में पानी खड़ा रहने से जहां किसानों की फसलें बबार्द हो रही है वहीं शहरी क्षेत्रों में नागरिकों का घरों से बाहर निकलना ही दूभर हो गया है। दुष्यंत चौटाला हिसार दौरे के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करके उनसे बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जलभराव पूरी तरह से सरकार व प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में दो-तीन फुट तक पानी गलियों में खड़ा है। दुष्यंत चौटाला के दौरे के दौरान उनके साथ पूर्व चेयरमैन राजेन्द्र लितानी, जिला अध्यक्ष अमित बूरा, जिला प्रभारी अनिल बालकिया, वरिष्ठ नेता मा. ताराचंद, तरूण गोयल, विपिन गोयल, सजन लावट, अजीत ओडीएम, कर्णसिंह देपल, सत्यवान बिचपड़ी, गौरव सैनी, रवि आहुजा, मा. रणधीर बल्हारा, सुनील रावत, जिला पार्षद अनिल शर्मा, गुलाब सिंह खेदड़, नलवा हलका प्रधान राजेश झाझड़िया, प्रभुदयाल जाखड़, जितेन्द्र भ्याणा, मोहित अरोड़ा, कमल कायत, सिद्धार्थ गोदारा व राहुल गोदारा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी थे।

### पूर्व विधायक नैन के निधन पर शोक जताया

दुष्यंत चौटाला ने हिसार दौरे के दौरान आजाद नगर में पूर्व विधायक इन्द्र सिंह नैन के आवास पर पहुंचकर उनके निधन पर शोक जताया और परिजनों से मुलाकात की। इसी तरह उन्होंने कृष्णा नगर पहुंचे डॉ. एचके वर्मा के पुत्र के निधन पर, सुंदर नगर पहुंचकर पूर्व बार एसो अध्यक्ष सुभाष मित्तल के पुत्र के निधन पर बाजार वकीलान पहुंचकर शहर के मशहूर वैद्य सुभाष शर्मा के निधन पर शोक जताया और परिजनों को सांत्वना दी। इसके अलावा वे जिले के माजरा गांव पहुंचे और कार्यकर्ताओं से बातचीत की।

### अच्छे मार्ग पर चलने से बढ़ता है मान : अनिल

**बरवाला।** गांव खेदड़ में स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय के प्रांगण में शिक्षाप्रद सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता आर्य समाज खेदड़ के प्रधान अनिल आर्य रहे। इस सेमिनार का संचालन स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र ने किया। मुख्य वक्ता अनिल आर्य खेदड़ ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति को कुशलतापूर्वक अच्छे कर्म करने चाहिए। जहां अच्छे मार्ग पर चलने से मान सम्मान बढ़ता है और माता पिता व गुरुजनों का नाम रोशन होता है।

### सात दिवसीय पवित्रा उत्सव का शुभारंभ

**हिसार।** श्री तिरुपति बालाजी धाम में श्री पवित्रा उत्सव की शुरुआत धूमधाम से हुई। भगवान के अभिषेक के साथ ही धाम के अर्चकों ने पूरे विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ इस उत्सव को शुरू किया। इस दौरान हवन-यज्ञ करके भगवान तिरुपति बालाजी, माता श्रीदेवी व माता भूदेवी की आराधना की गई। सायंकाल गोष्ठी तीर्थ प्रसाद का वितरण किया गया। यह पवित्रा उत्सव 29 अगस्त तक जारी रहेगा। इस उत्सव में हिसार व दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु हिस्सा ले रहे हैं।

# जिंदल स्टेनलेस की व्हाइटलैंड कॉर्पोरेशन के साथ साझेदारी

■ रेजिडेंस प्रोजेक्ट वेस्टिन रेजिडेंसेज गुरुग्राम के लिए स्टेनलेस स्टील सरिये की होगी आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। साझेदारी के मौके पर उपस्थित दोनों कंपनियों के अधिकारी।

जिंदल स्टेनलेस ने दिल्ली-एनसीआर में स्थित रियल एस्टेट डेवलपर व्हाइटलैंड कॉर्पोरेशन की ब्रांडेड रेजिडेंस प्रोजेक्ट वेस्टिन रेजिडेंसेज गुरुग्राम के लिए स्टेनलेस स्टील सरिये की आपूर्ति के लिए साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत देश में किसी ब्रांडेड आवास परियोजना में पहली बार स्टेनलेस स्टील सरिये का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो संरचनात्मक नवाचार और दीर्घकालिक स्थायित्व के लिए भारतीय आवासीय निर्माण क्षेत्र में स्टेनलेस स्टील के बढ़ते उपयोग को दर्शाता है। जिंदल स्टेनलेस ने जिंदल इन्फिनिटी ब्रांड के तहत 410एल ग्रेड के स्टेनलेस स्टील सरिये की आपूर्ति की है। इस कदम से मटीरिल मानकों में बदलाव के संकेत मिलते हैं। रियल एस्टेट एक ऐसा क्षेत्र है, जहां पारंपरिक रूप से कार्बन स्टील का प्रभुत्व रहा है। उत्कृष्ट विशेषताओं जैसे उच्च भार वहन क्षमता, भूकंपीय सहनशीलता के लिए जाना जाने वाला 410एल ग्रेड का स्टेनलेस स्टील तटीय और मेट्रो परियोजनाओं सहित बुनियादी ढांचे में उपयोग किया जाता है, और विशेष रूप से संक्षारण वाले वातावरण में एक परखा हुआ उत्पाद है। स्टेनलेस स्टील के विभिन्न प्रकारों को दोगुने से अधिक समय तक टिके रहने के लिए डिज़ाइन किया जाता है।

### नए सिरे से परिभाषित करने का एक प्रयास: तरुण

जिंदल स्टेनलेस के सीईओ और सीएफओ तरुण खुल्बे ने कहा कि व्हाइटलैंड कॉर्पोरेशन के साथ हमारी साझेदारी सिर्फ आवास बनाने तक सीमित नहीं है,यह निर्माण के तरीके को नए सिरे से परिभाषित करने का एक प्रयास है। व्हाइटलैंड कॉर्पोरेशन के संस्थापक नवदीप सरदाना ने कहा कि यह साझेदारी शाश्वत जीवन को नए सिरे से परिभाषित करने की हमारी महत्वाकांक्षा को दर्शाती है।


हिसार । सरकार के खिलाफ शहर में प्रदर्शन करते बसपा नेता व कार्यकर्ता।

## बसपा ने मनीषा हत्याकांड व बिगड़ी कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन

**हिसार।** बहुजन समाज पार्टी ने सोमवार को शहर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व बसपा प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने किया। बसपा ने मनीषा हत्याकांड, दलितों, पिछड़ों और महिलाओं पर हो रहे कथित अत्याचारों तथा प्रदेश में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया।हिसार ज़ोन के दादरी, भिवानी, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा के पार्टी कार्यकर्ता क्रांतिमान पार्क पर एकत्रित हुए और वहां से पैदल मार्च करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे। वहां पर प्रदेश सरकार को बर्खास्त करने की मांग करते हुए उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए बसपा प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने कहा की दलित, पिछड़े और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार बसपा किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेगी। हरियाणा में कानून-व्यवस्था चरमराई हुई है और जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। इस दौरान केंद्रीय प्रभारी प्रताप सिंह, प्रभारी दलवीर राम सिंह प्रजापति, विशाल गुर्जर, बालवीर मुंडे, महेंद्र सिंह धनिया, राम दिया खेड़ी, पवन बलराज सातरोड़, बबलू धनिया अमित, फूल कुमार मलकीत सिंह आदि मौजूद थे।

### सच्चा प्रेम वह है जो इंसान को अपने भीतर की दिव्यता से जोड़ता हो : स्वामी सच्चिदानंद



**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में आयोजित मीरा प्रेम दीवानी दो दिवसीय ध्यान शिविर जीवन में ध्यान को अपनाने के आह्वान के साथ संपन्न हुआ। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में 23 अगस्त से शुरू हुए ध्यान शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से साधकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर का संचालन स्वामी सच्चिदानंद ने किया। उन्होंने मीरा के प्रभु प्रेम से जुड़े विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए ध्यान को दिनचर्या में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तनाव रहित और खुशहाल जीवन के लिए ध्यान कारगर उपाय है। इस अवसर पर ध्यान शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने भी मीरा की भक्ति पर विस्तार से चर्चा की। स्वामी सच्चिदानंद जी ने कहा कि मीरा प्रेम, भक्ति, स्वतंत्रता व उत्सव का जीवंत प्रतीक है। मीरा ने प्रभु के प्रति प्रेम व भक्ति के नए आयाम स्थापित किए और भक्तों को सच्चा प्रेम समझने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर मां सांची ने ध्यान की विधियों से रूबरू करवाते हुए उनका अभ्यास करवाया।

## गुरु ग्रन्थ साहिब में वर्णित गुरु बाणी पर अमल करते हुए सच्चाई का मार्ग अपनाएं : पाहवा



**हिसार।** पटेल नगर आठ मरला कॉलोनी में स्थित बाबा जमनी दास पंचायती गुरुद्वारा साहिब में पहला श्री गुरु ग्रन्थ साहिब का प्रकाश पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। प्रकाश पर्व से पूर्व गुरुद्वारा साहिब में प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरमिंदर सिंह सूबेदार व महासचिव भूपेंद्र पाहवा प्रबंधक कमेटी के सदस्य एवं गुरु घर से जुड़ी साध संगतों के बीच विधिवत रूप से गुरुद्वारा साहिब के मुख्य ग्रंथी सरदार स्वर्ण सिंह ने सरबत की भलाई के लिए अरदास की। इसके अलावा अपनी मधुर वाणी से संगतों को गुरु ग्रन्थ साहिब में वर्णित गुरुबाणी से जोड़ते हुए कमेटी महासचिव भूपेंद्र पाहवा ने कहा कि हमें अपने जीवन काल में मानवता की भलाई व जात-पात से ऊपर उठकर बिना भेदभाव के हमें हर जरूरतमंदों, असहायों, लाचारों की हर संभव सहायता करनी चाहिए। इस मौके पर नगर पार्षद राजेन्द्र बिड़लान, मखन सिंह, कुलदीप सिंह, नरेंद्र पाहवा, डॉ. दवेंद्र नानकी, अजय पाहवा, चन्द्र भान गांधी, स्वर्ण सिंह, रणजीत सिंह, पिंकी खन्ना, सौरभ सिंह गिरधर, सुरजीत सिंह चावला आदि उपस्थित रहे।


**OFFICE OF DEPUTY REGISTRAR CO-OPERATIVE SOCIETIES BHIWANI**
Opposite Adrash Ddhramshala near Ghanta Ghar Chowk (Bhiwani)
Phone: 01664-243039, Email: drcsbhn@yahoo.com

**चुनाव प्रोग्राम**

दी हिसार सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लि० हिसार की प्रबन्धक कमेटी का चुनाव दिनांक 28.09.2025

| क्र.सं. | चुनाव प्रोग्राम | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नामांकन पत्र दाखिल करना | 03.09.2025 | 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक | कार्यालय उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां द्वितिय तल सचिवालय लघु हिसार |
| 02 | नामांकन पत्रो की जांच पडताल | 05.09.2025 | 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक | उक्त |
| 03 | वैध नामांकन पत्रो की सूची का प्रदर्शन | 05.09.2025 | दोपहर 02:00 बजे उपरान्त | उक्त |
| 04 | नामांकन पत्र वापिस लिया जाना | 09.09.2025 | 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | उक्त |
| 05 | चुनाव चिन्ह आवंटन | 09.09.2025 | दोपहर 02:00 बजे उपरान्त | उक्त |
| 06 | चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची का प्रदर्शन | 09.09.2025 | दोपहर 04:00 बजे उपरान्त | उक्त |
| 07 | चुनाव तिथि यदि आवश्यक हुआ तो | 28.09.2025 | सुबह 08:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक | चुनाव हेतू निम्न स्थल। |

| जोन संख्या | जोन का नाम व विवरण | चुनाव बूथ स्थल |
|---|---|---|
| 01 | हिसार (व्यक्तिगत) पिछडा वर्ग के लिए आरक्षित | कार्यालय दी हिसार बीड बहुउदेशीय पैक्स लि० नई अनाज मंडी हिसार। |
| 02 | लाडवा (व्यक्तिगत) सामान्य | कार्यालय दि हिसार बहुउदेशीय पैक्स लि० तोशाम रोड हिसार |
| 03 | बालसमंद (व्यक्तिगत) महिला आरक्षित | कार्यालय दि बालसमंद बहुउदेशीय पैक्स लि० बालसमंद |
| 04 | हिसार (समितिया) सामान्य | कार्यालय दि हिसार सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लि० नई अनाज मंडी हिसार |
| 05 | स्याहडवा (समितियां) अनुसुचित जाति आरक्षित | कार्यालय दि गंगवा बहुउदेशीय पैक्स लि० गंगवा |
| 06 | बालसमंद (समितिया) महिला आरक्षित | कार्यालय दि आर्य नगर बहुउदेशीय पैक्स लि० आर्य नगर |

हस्ता/- (बंसीलाल) चुनाव अधिकारी
एवं उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां भिवानी


**निर्देश** डीएसपी ने की ईआरवी डायल-112 के कर्मचारियों के साथ मीटिंग

# गोल्डन ऑवर्स की अहमियत समझते हुए तत्परता से कार्रवाई करें सभी ईआरवी यूनिट्स : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


हांसी। ईआरवी डायल 112 पर तैनात कर्मचारियों को संबोधित करते डीएसपी।

उप पुलिस अधीक्षक विनोद शकंर ने सोमवार को अपने कार्यालय में ईआरवी डायल-112 की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, त्वरित एवं अनुशासित बनाने के उद्देश्य से पुलिस जिला हांसी की सभी ईआरवी-डायल112 पर तैनात कर्मचारियों के साथ मीटिंग की।

डीएसपी विनोद शंकर ने ईआरवी पर तैनात कर्मचारियों को संबोधित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी आपातकालीन कॉल की प्राप्ति के पश्चात ईआरवी कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचना सुनिश्चित करें। घटनास्थल पर पहुंचने के उपरांत संबंधित थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज एवं थाना एमएचसी को तत्काल सूचना दी जाए। साथ ही, परिस्थिति की गंभीरता के अनुसार संबंधित जेडीओ/एसडीओ को भी अवगत करवाएं। उन्होंने कहा कि गोल्डन आवर्स की अहमियत को ध्यान में रखते हुए ईआरवी यूनिट्स को अधिक सतर्कता, अनुशासन और जवाबदेही के साथ कार्य करना होगा, ताकि आमजन को समय पर शीघ्र और प्रभावी सहायता मिल सके। उप पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि भविष्य में सभी ईआरवी कर्मचारी निर्धारित प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन करें तथा पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, त्वरित सेवा और जनता का विश्वास सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### कल बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिला हिसार, भिवानी, सिरसा, जींद, चरखी दादरी और फतेहाबाद के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 27 अगस्त को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मुख्य अभियंता/परिचालन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर, हिसार के कार्यालय में की जाएगी।

### सरकार जनता, उद्यमियों और युवाओं की हितैषी

**हिसार।** भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला महामंत्री बीरबल स्वामी ने विश्व उद्यमिता दिवस पर मुख्यमंत्री सैनी द्वारा की गई घोषणाओं का स्वागत करते हुए इसे युवाओं, उद्यमियों व आम जनता के हित में सराहनीय कदम बताया है। बीरबल स्वामी ने कहा कि हरियाणा को देश का नंबर वन स्टार्टअप हब बनाने का मुख्यमंत्री का संकल्प बहुत बड़ा कदम है ।


बीरबल स्वामी।

### लायंस क्लब ने वृद्धाश्रम में वितरित किए कपड़े

**हिसार।** बुजुर्गों की सेवा व संभाल में जुटे मोक्ष वृद्धाश्रम में लायंस क्लब हिसार डायमंड के प्रधान मुनीष सरदाना ने जन्मदिन मनाकर बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने बुजुर्गों को कपड़े व जरूरत का सामान भी वितरित किया। इस दौरान लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विशाल वढेरा, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन महेश बंसल, डीसीएस लायन पवन सरदाना, रीजनल चेयरमैन परवीन नारंग, प्रधान मुनीष सरदाना व उनकी पत्नी पूजा सरदाना, पुत्र हुनर व आयन सरदाना, कोषाध्यक्ष सुरेश कथूरिया, भारत भूषण, आशीष मेहता, डॉ. अर्जुन चोपड़ा, रमेश मेहता व सुनील अग्रवाल सहित व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### परिषद ने 50 समाजसेवी सम्मानित किए

**हिसार।** समृद्ध भारत परिषद द्वारा जिमखाना क्लब में समाजसेवी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संस्था के प्रधान विकास लाहौरिया ने बताया कि 50 समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। सचिव डॉक्टर अजीत कुमार ने बताया कि लुवास के कुलपति प्रोफेसर विनोद कुमार वर्मा तथा सीनियर ड्रग कंट्रोल ऑफिसर हिसार जोन डॉ. रमन श्योराण मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल बंसल ने बताया कि समारोह में पांच बच्चों को शिक्षा देने को गोद लिया गया।

### योजनाओं से जोड़ने के लिए लगाए जाएंगे शिविर

**हिसार।** वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित जन सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जिले में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अग्रणी जिला प्रबंधक विनोद कुमार ने बताया कि पहला शिविर 27 अगस्त को गांव खरड़ अलीपुर में पीएनबी द्वारा तथा दूसरा शिविर 28 को खरक पूनिया में भारतीय स्टेट बैंक खरक पूनिया शाखा द्वारा आयोजित होगा। शिविरों में रिज़र्व बैंक चंडीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक विवेक श्रीवास्तव व एसएलबीसी के संयोजक एवं पंजाब नेशनल बैंक महाप्रबंधक ललित तनेजा विशेष रूप से शामिल होंगे।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर विशेष सभा का आयोजन

# रॉयल इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान और गणित का संगम

**एटीएल प्रयोगशाला में विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल, खारा खेड़ी में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का उद्देश्य इसरो की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना करना तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना था। सभा में छात्रों को भारत की अंतरिक्ष प्रगति पर गर्व करने और बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। पांचवी की छात्रा नूर, कक्षा नौंवी की छात्रा दिव्या तथा छठी की छात्रा एंजल द्वारा अपने भाषणों से अंतरिक्ष विज्ञान के संबंध में विचार व्यक्त किए गए।

कार्यक्रम को और अधिक रोचक बनाने के लिए सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी आठवीं के छात्र प्रांजल द्वारा कराई गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डीवी नेहरा और विद्यालय की उप- प्राचार्य प्रगति सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरक शब्दों से संबोधित किया। विद्यालय की एटीएल प्रयोगशाला में अंकित आर्य के दिशा-निर्देशन में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।



हिसार। सोमवार को स्कूल में मॉडल प्रदर्शनी देखते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### स्कूल के चेयरमैन और संचालिका ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष सभा में स्कूल चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य ने छात्रों तथा गणित और विज्ञान विभागों के अध्यापकों के प्रयासों की जमकर सराहना की।

## डीपीएस की शूटिंग टीम की शानदार उपलब्धि


हिसार। शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर के साथ।

**हिसार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की अंडर-17 बॉयज शूटिंग टीम ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए सीबीएसई नॉर्थ जोन-II शूटिंग चैम्पियनशिप में शानदार सफलता प्राप्त की। यह प्रतियोगिता 16 से 23 अगस्त 2025 तक हिन्दू पब्लिक स्कूल, हांसी में आयोजित हुई। डीपीएस हिसार टीम के एशान दूहन, देवांश दूहन और दक्ष पूनिया के बेहतरीन खेल के दम पर द्वितीय उपविजेता ट्रॉफी जीतने में सफल रही। साथ ही, इस टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सीबीएसई नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप के लिए भी क्वालीफाई किया। प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों तथा प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि राष्ट्रीय स्तर पर भी वे इसी तरह विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। निदेशक निहाल सिंह ने भी बच्चों को बधाई दी है।

## 'स्लोगन लेखन' प्रतियोगिता में सुलेखा प्रथम रही


हिसार। दयानंद कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेते विद्यार्थी।

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय में वाणिज्य, प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभाग ने फाइन आर्ट क्लब के साथ 'विश्व उद्यमिता दिवस' के उपलक्ष्य में 'स्लोगन लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि स्लोगन लेखन प्रतियोगिता से विद्यार्थियों के बहुत लाभ हैं जिनमें जागरूकता फैलाना, रचनात्मकता और उनके अभिव्यक्ति कौशल को निखारना, उन्हें किसी विशेष मुद्दे या विचार से जोड़ना, और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना शामिल है। प्रतियोगिता के विषय 'यूथ एंड एंटरप्रेन्योरशिप', 'डिजिटल एंड ग्रीन एंटरप्रेन्योरशिप', 'लोकल टू ग्लोबल' तथा 'ग्लोबल कॉम्पिटिशन' रहे। विद्यार्थियों के स्लोगन लेखन कौशल के आधार पर जज डॉ. शम्मी नागपाल व डॉ. सुरुचि शर्मा ने परिणाम घोषित किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुलेखा तथा द्वितीय स्थान पर कशिश रहे। सांत्वना पुरूस्कार के रूप में प्रथम स्थान पर वरुण कुमार व द्वितीय स्थान पर भारती रहे।

## निगमायुक्त ने 11 से 20 वार्ड का किया निरीक्षण

# कचरा प्वाइंटों को खत्म कर करके होगा सौंदर्यीकरण


हिसार। कचरा प्वाइंटों का निरीक्षण करते निगमायुक्त नीरज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर की सफाई व्यवस्था ओर बेहतर हो इसके लिए नगर निगम कड़े प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में सोमवार सुबह को निगमायुक्त नीरज ने अधिकारियों के साथ 11 से 20 वार्ड के कचरा सेकेंडरी प्वाईंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त नीरज ने वार्ड वासियों की समस्याएं जानी। उन्होंने वार्डवासियों से पूछा कि सफाई कर्मचारी और गाड़ी समयानुसार कार्य कर रही है या नहीं। इसके अलावा उन्होंने कचरा सैकेंडरी प्वाइंटों व बरसात के पानी की निकासी का भी मौका निरीक्षण किया। उन्होंने मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेश दिया कि फील्ड से सफाई, डोर-टू-डोर की गाड़ी, बरसात के पानी के निकासी और कर्मचारियों की कमी की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। निगमायुक्त ने कचरा सैकेंडरी प्वाइंट को खत्म करके वहां सौन्दर्यकरण करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने से अपील की है कि शहरवासी अपने घर का कचरा इधर-उधर न डाले। जिस समय आपकी गली में नगर निगम द्वारा संचालित वाहन आए उसमें ही डालें।

**यह रहे मौजूद**

इस दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी, एमई कर्मपाल सिंधू, एमई अमित बेरवाल, सीएसआई राजकुमार, एएसआई कपिल, मुरारी दरोगा व सफाई कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## आप नेता बोले दलबीर किरमारा

# अपराध पर रोक के लिए जनता व पुलिस में विश्वास बहाली जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने कहा है कि प्रदेश से अपराध व नशे पर रोक लगाने के लिए पुलिस व जनता के बीच सही मायने में तालमेल होना जरूरी है। इसके लिए पुलिस को जहां राजनीतिक दबाव में आए बिना निष्पक्ष ढंग से काम करना होगा, वहीं जनता को पुलिस की सहायता करनी होगी। ऐसा तब होगा, जब दोनों पक्षों को एक-दूसरे पर विश्वास होगा।

### सम्मेलन आयोजित हों

*दलबीर किरमारा ने कहा कि वर्तमान में पुलिस हर जगह पुलिस-पब्लिक सम्मेलनों का आयोजन करके जनता के नजदीक जाने का प्रयास कर रही है लेकिन विचार करने योग्य ये बात है कि क्या पुलिस व पब्लिक एक-दूसरे के नजदीक जा पाए हैं। यदि नहीं तो फिर यह विचार करना होगा कि इन सम्मेलनों के अलावा पुलिस ने जनता के नजदीक जाने के लिए क्या किया। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक से भी मांग की कि यदि वे वास्तव में अपराध पर रोक लगाना चाहते हैं तो पुलिस पर से राजनीतिक दबाव समाप्त करे और पुलिस को निष्पक्ष काम करने की हिदायत दे।*

## बिश्नोई युवा संगठन में नियुक्तियां

# राजीव पूनिया प्रदेशाध्यक्ष और धीरज धारणियां बने महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

बीकानेर के लालासर साथरी धाम में अखिल भारतीय बिश्नोई युवा संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू कांवा की अध्यक्षता हुई। बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक राजीव गोदारा, किरण प्रवीण धारणियां व साथरी के स्वामी केशवानंद विशेष रूप से मौजूद रहे। निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष व प्रभारी नरषोत्तम मेजर ने बताया कि संगठन में लंबे समय से सक्रिय रूप से कार्य कर रहे महलसरा निवासी राजीव पूनिया को प्रदेश अध्यक्ष व भूना निवासी धीरज धारणियां को प्रदेश महासचिव बनाया गया है।

**रामनिवास बेनीवाल को प्रवक्ता बनाया**


हिसार। राजीव पूनिया को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू कांवा, संरक्षक किरण प्रवीण धारणियां, राजीव गोदारा व लालासर साथरी के स्वामी केशवानंद जी।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी में हरियाणा से गांव कालवास के पूर्व सरपंच संजय लांबा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मंगाली निवासी प्रवीण पूनिया को कोषाध्यक्ष, आदमपुर निवासी विनोद धतरवाल को राष्ट्रीय सचिव तथा हिसार निवासी रामनिवास बेनीवाल को प्रवक्ता बनाया गया है। मौके पर मध्यप्रदेश से सुहागमाल पंवार, लोकेश सहारण, जयपुर से भजनलाल मांझू, सुधीर कड़वासरा, गौरव बिश्नोई, राजेश पवार, सुरेश गोदारा बॉक्सर, अनु बिश्नोई, मुकेश डूडी, हर्षित पूनिया सहित बिश्नोई समाज के देश भर से आए अनेक युवा उपस्थित थे।

## त्रिवार्षिक चुनाव के बारे में बैठक आयोजित

# पंघाल सर्कल सचिव और सोनी बने यूनिट प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

- एचएसईबी वर्कर यूनियन की थर्मल प्लांट खेदड़ यूनिट का सर्वसम्मति से हुआ चुनाव

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर यूनियन की थर्मल प्लांट खेदड़ यूनिट के त्रिवार्षिक चुनाव के बारे में बैठक हुई। बैठक में चुनाव अधिकारी वेदपाल हुड्डा और विजयपाल शर्मा की देखरेख में थर्मल प्लांट खेदड़ के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। चुनाव सर्वसम्मति से हुआ जिसमें दलजीत पंघाल को सर्कल सचिव, बीबी शर्मा को यूनिट चेयरमैन, राजबीर सोनी को प्रधान, सुरेश सैनी सचिव, शिव कुमार वरिष्ठ उपप्रधान, सत्यवान खटकड़ व कृष्ण नैन उपप्रधान, प्रहलाद कौशिक व दीपक सहरावत सहसचिव, रविप्रकाश कैशियर, दीपक कक्कड़ ऑडिटर तथा सुनील चौहान, संदीप कुमार व उज्जवल शर्मा संगठकर्ता चुने गए। नवनियुक्त यूनिट सचिव सुरेश सैनी ने कहा कि चुनाव अधिकारियों ने यूनिट कार्यकारिणी को पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण करवाई।

# बिजली कर्मियों का एसडीओ कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

हरिभूमि ▶▶ हांसी

अपनी मांगों और समस्याओं का समाधान नहीं किए जाने से गुस्साए बिजली कर्मियों ने सोमवार को एसडीओ सिटी कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। सोमवार को धरने की अध्यक्षता सिटी सब यूनिट प्रधान राजेंद्र कथूरिया ने की तथा मंच संचालन सिटी सब यूनिट सचिव मदनलाल ने किया। धरने में सभी यूनिटों के प्रधान, सचिव, उनकी कार्यकारिणी एवं सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर यूनिट सचिव शिवेंद्र सैनी ने कहा कि जब तक कर्मचारियों की वैध मांगों व समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक उनका यह धरना अनवरत जारी रहेगा। यूनिट प्रधान विकास नेहरा ने कहा कि शहरी उपमंडल अधिकारी लगातार कर्मचारियों को प्रताड़ित कर रहे हैं और समस्याओं का समाधान करने से बच रहे हैं। कार्यकारी अभियंता हांसी द्वारा बार-बार पत्र भेजकर स्पष्ट आदेश दिए गए हैं कि यूनियन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समस्याओं का समाधान किया जाए, एसडीओ इन आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं।

**ये रहे मौजूद:** मौके पर नारनौंद प्रधान जयप्रकाश सोनी, सचिव सत्यवान शर्मा, जोगिंदर, अमित, अनूप, मुंढाल से शमशेर सिंह, प्रधान संजय कुमार, सचिव सचिन यादव, सुरेश, अमित पेटवाड़, सिसाय युनिट प्रधान सतीश लोहान, सचिव सुमंत, अनिल, उमरा युनिट प्रधान सुरेंद्र सिंह, प्रदीप मलिक, प्रवीण, सब-अर्बन युनिट प्रधान सुरेश बिसला, सचिव नवीन सिंह अहलूवालिया, कैशियर श्रीकांत, अनिल कुमार सहित काफी संख्या में बिजली कर्मचारी मौजूद थे।

## ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

# रक्तदान शिविर में 53 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की स्मृति में मनाए जा रहे विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा हांसी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 53 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया गया।

शिविर का शुभारंभ हांसी एसडीएम राजेश खोथ ने रिबन काट कर किया तथा शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए उनको बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित हांसी के मशहूर रक्तदाता और 157 बार रक्तदान कर चुके ओम कुमार गर्ग और 85 बार रक्तदान कर चुके रामायण गांव निवासी नरेंद्र सहरावत को ब्रह्माकुमारीज़ सेंटर हांसी की प्रधान बीके सुनीता बहन और एसडीएम राजेश खोथ ने बुके देकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।


हांसी : रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं की हौसला-अफजाई करते एसडीएम राजेश खोथ व अन्य।

**एसडीएम को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया**

इस अवसर पर ओमकुमार गर्ग गर्ग और नरेंद्र सहरावत ने रक्तदाताओं को अपने जीवन के उपयोगी व प्रेरणादाई अनुभवों से लाभान्वित किया। बीके सुनीता ने एसडीएम को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बीके प्रमोद मलिक ने बताया कि मौसम खराब होने के बावजूद 53 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर बीके कमलेश, बीके प्रोफेसर रेनू खुराना, बीके प्रोफेसर प्रमोद मलिक, प्रेम खुराना, संजय सिंगला, गुरमेश आदि मौजूद रहे।

## शांति नगर में गूंजे बाबा के जयकारे

# बीड़ बबरान धाम ने नि:शुल्क ताली कीर्तन का किया शुभारंभ

हिसार। बीड़ बबरान धाम द्वारा श्रद्धालुओं को अध्यात्म से जोड़ने के लिए निशुल्क ताली कीर्तन की शुरुआत की गई। इसके तहत हिसार के शांति नगर में पहला नगर ताली कीर्तन करके भक्तों को श्याम बाबा की महिमा से साक्षात्कार करवाया गया। इस दौरान श्री श्याम बाबा के श्रीचरणों में समर्पित भाव भरी भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा व अन्य गायकों ने श्याम बाबा की गाथाओं से परिचय करवाकर समां बांध दिया। इस दौरान महाराज मयूर शर्मा की कीर्तन में विशेष सेवा रही। ताली कीर्तन में शांति नगर व आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस दौरान बीड़ बबरान धाम से लाई गई अखंड ज्योति के दर्शन करके भक्त निहाल हो गए और कीर्तन का पंडाल जय श्याम बाबा के उद्घोष से गूंज उठा। पुजारी विनय शर्मा ने श्याम बाबा के कौशल, पराक्रम व अनूठे दान से भी परिचय करवाया।

## ढैंचा की डीएच-1 किस्म का आंध्रप्रदेश की नामी कंपनी से हुआ समझौता

# आंध्रप्रदेश में भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाएगा हकृवि का ढैंचा बीज: प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित किए गए उन्नत किस्मों के बीज देश भर में अपना परचम लहरा रहे हैं। विश्वविद्यालय के उन्नत बीजों का देश में प्रचार-प्रसार करने के लिए विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी कंपनी के साथ समझौते किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विवि ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत तकनीकी व्यवसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए ढैंचा की डीएच-1 किस्म का मुरलीधर सीड्स कॉरपोरेशन कुरनूल आंध्रप्रदेश के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।



हिसार। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ कंपनी के अधिकारी और विश्वविद्यालय के अधिकारीगण।

**ढैंचा नाइट्रोजन की आपूर्ति बढ़ाने में सहायक**

कुलपति ने बताया कि ढैंचा की जड़ों में राइजोबियम जीवाणु होते हैं जो वायुमंडलीय नाइट्रोजन को भूमि में स्थिर रखते हैं जिससे भूमि में नाइट्रोजन की आपूर्ति होती है। ढैंचा जैविक पदार्थों में वृद्धि, भूमि की जल धारण क्षमता में बढ़ोतरी, सूक्ष्म पोषक तत्वों की आपूर्ति तथा खरपतवार नियंत्रण में भी सहायक है। ढैंचा भूमि की प्राकृतिक उर्वरता को बढ़ाकर रासायनिक खादों की आवश्यकता को भी कम करता है।

### ढैंचा की खेती किसानों के लिए वरदान

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि ढैंचा हरी खाद के लिए उगाया जाता है। यह एक दलहनी फसल है, जो मृदा की उर्वरता बढ़ाने में मदद करता है। ढैंचा की खेती मुख्यतः खरीफ के मौसम में की जाती है और इसे हरी खाद के रूप में इस्तेमाल किया जाता है जिससे मिट्टी में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है और उर्वरता में सुधार होता है। ढैंचा मिट्टी की संरचना के सुधार में विशेष भूमिका निभाता है। यह एमओयू किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा तथा खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

### इस कंपनी के साथ हुआ समझौता

कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने जबकि मुरलीधर सीड्स कॉरपोरेशन की तरफ से कंपनी के सीईओ मुरलीधर रेड्डी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश कुमार, बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र मोर, आईपीआर सेल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, डॉ. राजेश आर्य व डॉ. जितेन्द्र भाटिया उपस्थित रहे।

